PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Monday 2nd November 2015, Page: 14
Width: 8.09 cms, Height: 8.17 cms, a4, Ref: pmin.2015-11-02.41.96

# दवाओं की कीमत तय, अब सस्ती होंगी

पीटीआई, नई दिल्ली : औषधि कीमत प्राधिकरण (एनपीपीए) ने डायबीटीज की दवा मेटफार्मिन एचसीआई टैबलेट, बैक्टीरिया निरोधक सेफ्ट्रिक्जोन सोडियम इंजेक्शन पैक समेत 18 दवाओं की कीमतों को तय किया है। साथ ही हार्मोन संबंधी आईयूडी, ओंडानसेट्रोन एचसीआई, सेफाक्लास इंजेक्शन समेत अन्य दवाओं की कीमतों को संशोधित किया है। प्राधिकरण ने कहा कि औषधि कीमत नियंत्रण आदेश (डीपीसीओ) 2013 के तहत 18 दवाओं की कीमतों को तय और संशोधित किया गया है। सरकार के इस कदम से सिप्ला, एलेम्बिक फार्मा और यूनिकेम लैबोरेटरीज जैसी दवाई कंपनियां प्रभावित होंगी।



फिलहाल सरकार जरूरी दवाओं की कीमतों पर अंकुश लगाती है। सरकार ने डीपीसीओ 2013 को अधिसूचित किया है जिसके तहत 680 दवाएं आती हैं। यह मई 2014 से प्रभाव में है। इसके अलावा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक दवाई कीमत नियंत्रण आदेश (डीपीसीओ) 2013 की समीक्षा के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समिति गठित की है।

Prices of medicins fixed, will get cheaper.